महत्वपूर्ण एवं खास

जंगल में युवती की लाश लटकी मिली

कोंडागांव (आरएनएस)। जिले के ग्राम बड़ेराजपुर गाटेपारा में 7 मई को पास के जंगल में फांसी पर लटकी युवती की लाश मिली थी। गांव वालों की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कर दफनाया दिया था। लेकिन परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताते हुए फिर से लाश को निकलवाने एसपी को पत्र लिखा। जिसके बाद शव को कब्र से खोदकर निकाला गया। अब फारेंसिक जांच के लिए शव के अवशेषों को जगदलपुर मेडिकल कालेज भेजा गया है। एसपी सुजीत कुमार ने बताया मेकाज से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक मृत

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर ब्लाक के चपका के कोसा सेंटर के निकट सड़क पर पैदल चल रहे 30 वर्षीय कुमान सिंह नामक एक युवक को अज्ञात गाड़ी ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना में उसकी मौत हो गई।

40 किलो आईईडी बरामद

बीजापुर (आरएनएस)। नेशनल हाईवे 63 पर मद्देड़ के निकट बीडीएस की टीम ने 40 किलो आईईडी बरामद किए। मामला मध्य थाना क्षेत्र के पेगड़ापल्ली नाले के समीप का बताया गया है। बीडीएस के प्रमुख बलदेव चंद्राकर ने बताया कि यहां 3 में टिन के कनस्तर में रखे 20 - 20 किलो के दो आईडी थे इसके साथ ही 12 डेटोनेटर भी लगे हुए थे।

बीएसपी के बिल्डिंग नम्बर 3 में जला केबल, बाल बाल बचे कर्मी

भिलाई (आरएनएस)। भिलाई इस्पात संयंत्र में फिर आगजनी की घटना हुई। इस बार संयंत्र के बिल्डिंग नंबर-3 के केबल में इलेक्ट्रिक शार्ट सर्किट के कारण आग लगी। आज दोपहर की इस घटना से आग जल्द ही फैलने लगी थी। आनन फानन में फायर ब्रिगेड की गाडियां पहुंची और आग बुझाना शुरू की। आग के कारण कर्मचारी नीचे आने के बजाय तीसरी मंजिल पर पहुंच गए थे जिन्हें फायर फायटरों ने सीडियों की मदद से नीचे उतारकर उनकी जान बचाई।

अज्ञात वाहन ने बाईक को मारी टक्कर,एक की मौत व एक घायल

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल से जा रहे युवक की मौत हो गई व उसका साथी के घायल हो जाने की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार उपरवारा अभनपुर रायपुर निवासी राजेन्द्र भारती आयु 42 वर्ष पिता चंदर भारती ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि राजधानी ढाबा कैंद्री के तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एलजी 4293 को टक्कर मार दिया जिसके चलते बाईक चला रहे शिवनाथ मारकण्डे 31वर्ष पिता पवन मारकण्डे निवासी गुढ़ियारी रायपुर की घटना स्थल पर मौत हो गई एवं उसका साथी महेन्द्र रात्रे को चोट लगने से वह घायल हो गया।

घरेलू विवाद में पत्नी व साले की पिटाई, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। पत्नी से घरेलू विवाद पर पति ने साले को हाथ-मुक्का एवं धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मोतीनगर गोदावरी नगर टिकरापारा रायपुर निवासी नितिका द्विवेदी 28 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि पति विवाद कर आये दिन किसी न किसी बात पर मारपीट करता था जिसके चलते कुछ समय से वह ससुराल में रह रही थी व नेट की परीक्षा दिलाने के लिये रायपुर आई थी उसी दौरान मेरे पति कमल किशोर दुबे निवासी प्रोफेसर कालोनी पुरानी बस्ती रायपुर ने मुझे गाली- गलौच कर मारपीट करने लगा जिसे देख मेरा भाई विकाश द्विवेदी बीच बचाव किया तो उसे भी हाथ-मुक्का व धारदार औजार से मारकर ऑख व कमर पर चोट पहुंचाया।

2 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। पुलिस ने एक युवक के पास से बोरी में रखे 2 किलो 10 ग्राम गांजा बरामद कर उसे जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना नेवरा पुलिस ने नाहपारा जोता रोड तिल्दा के पास कन्हैया धृतलहरे आयु 35 वर्ष पिता सुखचं द धृतलहरे को गिरफ्तार कर उसके पास बोरी में रखे 2 किलो 10 ग्राम गांजा मादक पदार्थ पाये जाने पर जप्त कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

यात्रियों से भरी बस खाई में गिरी, 7 की मौत, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

गढ़वा बस हादसा : मृतकों और घायलों का नाम जारी

बलरामपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ से झारखंड जा रही यात्री बस आज सुबह तीन बजे गढ़वा और रंका के बीच अनराज डेम में अनियंत्रित होकर पलट गई है और इस सड़क दुर्घटना में 7 यात्रियों की मौत हो चुकी है और 40यात्री घायल हुए है। जिन्हें रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बस से निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक अम्बिकापुर से सासाराम जा रही पॉपुलर बस में 59 यात्री सवार थे। जिनमे अधिकांश यात्री अम्बिकापुर के बताए जा रहे है। सदर थाना क्षेत्र अनराज घाटी में हुई इस घटना की सूचना मिलने के बाद गढ़वा एसपी शिवानी तिवारी दलबल समेत मौके पर पहुँची थी और क्रेन के माध्यम से रेस्क्यू कर बस में में फ से यात्रियों को बाहर निकाला गया है। इस घटना में एक महिला समेत 7 यात्रियों की मौत हो गई है। जबकि 40 यात्री घायल हुए है वही छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के पड़ोसी जिले में हुए इस दर्दनाक सड़क हादसे के बाद जिला प्रशासन ने उक्त बस में सवार यात्रियों से सम्पर्क करने तथा मृतकों की शिनाख्त करने में मदद करने के लिए एसडीएम रामानुजगंज अजय किशोर लकड़ा और एसडीओपी रामानुजगंज नितेश गौतम के फ ोन नम्बर जारी किए है जो नम्बर इस प्रकार है. 9425252314, 7974146827 है।

गढ़वा जिले के अनराज डेम में हुए सड़क हादसे में 7 यात्रियों की मौत और 40 यात्रियों के घायल होने की सूचना के बलरामपुर कलेक्टर संजीव कुमार झा ने तत्काल रामानुजगंज एसडीएम अजय किशोर लकड़ा

व एसडीओपी नितेश गौतम के नेतृत्व में राहत और बचाव कार्य के लिए मौके पर टीमें भेजी थी और झारखंड के गढ़वा व छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला प्रशासन व पुलिस की टीमो ने मृतको की शिनाख्त कर दी है। जिनमे 5 मृतको की शिनाख्त की जा चुकी है। जबकि 2 अन्य मृतको की शिनाख्त नही हो पाई है। इसके अलावा इस घटना में गम्भीर रूप से 5 घायल यात्रियों को रांची भेजा गया है जबकि बाकी यात्रियों का इलाज गढ़वा जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक इस घटना में 10 वर्षीय रूपेश जायसवाल पिता पिंटू,ग्राम लेठया थाना सुसीगंज जिला पलामू 45 वर्षीय सुनीता पति अजय पाठक ग्राम जोगा थाना विश्रामपुर जिला पलामू। 35 वर्षीय लवली गुप्ता पिता प्रमोद गुप्ता महामाया चौक अम्बिकापुर जिला सरगुजा। प्रमोद गुप्ता 45 पिता स्व. श्यामलेश्वरी गुप्ता महामाया चौक अम्बिकापुर सरगुजा। लक्ष्मण जायसवाल पिता कालिका महामाया चौक अम्बिकापुर समेत 2 अन्य शामिल है। जबकि अन्य घायलो के नाम इस प्रकार है-

जुबैदा बीवी 25 वर्ष, बेटा ईमरान अंसारी 5 वर्ष , बेटी खुशबु परवीन 12 वर्ष , ससुर इस्लाम मियाँ 75 वर्ष चिल्ही बरवाडी निवासी है , जबर ठाकुर 25 वर्ष पथरिया, सत्येंद्र शर्मा अधौरा, कविंदर राय गाजीपुर जिला पुलिस, मुकर्रम हक 75 वर्ष महुआडांड़, प्रमोद गुप्ता की इलाज दौरान मौत, पत्नी लवली गुप्ता, पुत्र प्रतीक कुमार, पुत्री भूमि कुमारी अंबिकापुर निवासी, सत्येंद्र पांडे, बेलाल अहमद, मेहरू निसा, विकास अग्रवाल, अजय सुनील, शंकर सोनी, कैप प्रजा पलामू थाना , आशुतोष पांडे, अकबर हुसैन, साहिल राजा, इमामुद्दीन अंसारी, पिंटू जायसवाल, गुड़िया जायसवाल, सत्येंद्र जयसवाल, मंसूर आलम, मोहम्मद अफजल हुसैन, आबिद हुसैन, नसरुल उल हक, जुलेखा खातून, बसीर अंसारी, हर्ष कुमार..शामिल है जिनकी इन पंक्तियों के लिखे जाने तक शिनाख्त हो पाई है।

वाईस सैंपल का कोई कानून आधार नहीं-अमित जोगी

» एसआईटी दफ्तर के बाहर से ही वापस लौटे जोगी

रायपुर (आरएनएस)। अंतागढ़ टेपकांड मामले में फंसे जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी एसआईटी द्वारा जारी की गई नोटिस के बाद मंगलवार को अपने वकील के साथ एसआईटी दफ्तर तो पहुंचे लेकिन दफ्तर के अंदर जाये बगैर वे वहां से बिना वाईस सैंपल दिए वापस लौट गए।

इस दौरान अमित जोगी ने मीडिया से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि एसआईटी ने वाईस सैंपल लेने के लिए यहां बुलाया था जो बिना कोई कानून आधार का है। जोगी ने कहा कि वाईस सैंपल लेने के लिए एसआईटी के पास कोई कानून आधार नहीं है। फिर वाईस सैंपल के लिए नोटिस जारी करना पूरी तरह से गलत था।

श्री जोगी ने इस प्रकरण में एसआईटी के गठन और सरकार पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि एसआईटी ने इस प्रकरण में जो पेनड्राइव जब्त किया है वह पूरी तरह फर्जी है। एसआईटी के पास असली पेनड्राइव नहीं है अगर उनके पास असली पेनड्राइव रहता तो वे पेश करते।

जोगी ने एसआईटी जाने से पहले ही अपने बयान में कहा था कि वे आज एसआईटी दफ्तर जाएंगे पर वाईस सैंपल नहीं देंगे। साथ ही वे कुछ अहम खुलासे भी करेंगे।

ज्ञात हो कि एसआईटी ने अंतागढ़ टेपकांड मामले में अमित जोगी के अलावा उनके पिता एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी को भी वाईस सैंपल देने के लिए नोटिस जारी की है। अमित जोगी ने इस नोटिस के बाद अपने एक बयान में कहा था कि यह नोटिस पूरी तरह गलत है और वे एसआईटी दफ्तर नहीं जाएंगे। लेकिन आज अमित जोगी अपने एक बयान में टिके रहे कि वे वाईस सैंपल नहीं देंगे, लेकिन एसआईटी दफ्तर नहीं जाने की बात पर वे कायम नहीं रहे।

ज्ञात हो कि इस प्रकरण में आरोपी बनाए गए मंतूराम पवार को भी एसआईटी ने सोमवार को वाईस सैंपल देने के लिए अपने दफ्तर बुलाया था। मंतूराम पवार दफ्तर तो पहुंचे थे लेकिन वाईस सैंपल देने से इंकार कर दिया। पवार ने एसआईटी से वाईस सैंपल लेने के लिए कोर्ट का आदेश दिखाने की बात कहीं और कहा कि जब तक उन्हें कोर्ट का आदेश नहीं दिखाया जाएगा वे वाईस सैंपल नहीं देंगे।

चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार 1 लाख 67 हजार रूपये समेत लोहे की रॉड जब्त

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जहां आरोपी धनेश्वर यादव के पास ने पुलिस ने 1 लाख 67 हजार रूपये और घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड को जब्त किया है। दरअसल बीते दिनों प्रार्थी बेदराम पटेल अपनी पत्नी के साथ बाहर गया था। उसी वक्त आरोपी धनेश्वर यादव ने प्रार्थी बेदराम पटेल के घर में घुसकर लकड़ी के पेटी को लोहे की रॉड से तोड़कर उसमें रखे 1 लाख 67 हजार रूपये पार कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था और फरार हो गया था। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है।

भारतीय राज्य पेन्शनर्स महासंघ एसबीआई द्वारा भुगतान में विलंब को लेकर खाते बंद करेगा

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय राज्य पेन्शनर्स महासंघ के प्रातांध्यक्ष जेपी मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) छत्तीसगढ़ के पेन्शनरों के स्वत्वों के भुगतान में अनावश्यक विलंब करता है। जिसके चलते वयोवृद्ध पेन्शनरों को आए दिन तकलीफों का सामना करना पड़ता है। उक्त स्थिति को देखते हुए महासंघ के सदस्यों द्वारा एसबीआई में खाता बंद करने पर विचार किया जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि एसबीआई पेन्शनरों को दी जाने वाली राहत पेंशन का आदेश जारी होने के 4 माह बाद भी भुगतान नहीं किया है। स्टेट बैंक की प्रशासनिक व्यवस्था लचर है।

ज्ञातव्य है कि शासन के आदेश पर अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों ने पेन्शनरों के खाते में तत्काल राशि का अंतरण करने का आदेश जारी किया था किन्तु जानबूझकर बैंक कर्मियों द्वारा पेन्शनरों को परेशान किया जा रहा है। उक्त मामले को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेन्शनर्स फैडरेशन की बैठक 27 जून को मरिन ड्राइव के पास स्थित संघ कार्यालय में रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव करेंगे।

पुलिस का पेट्रोलिंग वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक आरक्षक घायल

भिलाई (आरएनएस)। शहर के कोतवाली थाना के दो आरक्षक बीति रात सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के अनुसार आरक्षक सतीश कौशल व रामनारायण डहरिया रात 03 बजे के करीब सड़क दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना तालपुरी के समीप पंथी चौक के पास की बताई जा रही है। आरक्षक सतीश कौशल का उपचार चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल नेहरू नगर मे व आरक्षक रामनारायण डहरिया का उपचार सेक्टर 09 चिकित्सालय मे किया जा रहा है।

11 किलो गांजा की तस्करी करते हुए गोंदिया के 2 युवक गिरफ्तार

महासमुंद (आरएनएस)। बसना पुलिस ने 11 किलो गांजा के साथ दो युवक तस्करी करते हुए पकड़ा। इनके पास से 56 हजार का गांजा सहित 2 नग मोबाइल जप्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बसना पुलिस को मुखबीर से सुचना मिली कि बस स्टैंड बसना में दो व्यक्ति एक काला बेंगनी कलर के बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर खड़े है कि मुखबिर सूचना तस्दीक पर हमराह स्टाफके साथ रेडकार्यवाही पर बस स्टैंड पहुच कर घेराबन्दी कर दो व्यक्ति को पकड़े. पूछताछ के दौरान अपना नाम 1. प्रभुलाल धनपाल गौतम पिता धनपाल गौतम (30)वर्ष निवासी विश्वकर्मा नगर गोंदिया 2. दिगम्बर विश्वकुमार बिसेन पिता व विश्वकुमार बिसेन उम्र (25) वर्ष निवासी कुण्डवा थाना गोंदिया जिला गोंदिया महाराष्ट्र रहने वाला बताया आरोपियो के कब्जे से 01. एक काला बेंगनी रंग के बैग के अन्दर रखें 10 पैकेट वजन 11.270 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा जिसका बाजार मूल्य 56350/-रूपये एवं 02 नग पुराना मोबाईल कीमत करीब 2500/- रूपये कुल कीमत 58,850/- रूपये को समक्ष गवाहान के मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपियो का कृत्य अपराध धारा 20 'ख' NDPD Act. का पाये जाने पर 24 जून को गिरफ्तार किया गया।

अपने पहले ऐतिहासिक शो को लेकर उत्साहित हैं बरखा बिष्ट

अभिनेत्री बरखा बिष्ट सेनगुप्ता ने कहा है कि वह पहली बार ऐतिहासिक शैली का अनुभव करने के लिए उत्साहित हैं। बरखा वर्तमान में चल रहे टीवी शो चंद्रगुप्त मौर्य में तारिणी की भूमिका निभाने जा रही हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाली सिद्धार्थ कुमार तिवारी की ऐतिहासिक श्रृंखला ने हाल ही में भविष्य में पांच साल की छलांग ली है। बरखा इस शो में धनानंद (सौरभ राज जैन) की लंबे समय से खोई हुई प्रेमिका की भूमिका निभाती नजर आएंगीं।

बरखा ने कहा, मैं चंद्रगुप्त मौर्य का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि यह मेरा पहला ऐतिहासिक शो होगा। मैं सिद्धार्थ को बहुत लंबे समय से जानती हूं। वह ऐतिहासिक और पौराणिक कहानियों के क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रहे हैं। मुझे कभी उनके साथ काम करने का मौका नहीं मिला है।

बरखा ने कहा, जब मुझे तारिणी की भूमिका निभाने का अवसर मिला जो धनानंद की प्रेमिका है, तो मैं काफी रोमांचित हुई। मेरे चरित्र की जटिलता ने मुझे आकर्षित किया। और, यही मुख्य कारणों में से एक रहा, जिसके लिए मैंने यह चरित्र निभाने के लिए हामी भरी।

ऑली में शेरशाह की शूटिंग कर रहे हैं सिद्धार्थ मल्होत्रा

बॉलिवुड ऐक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा इस समय अपनी अगली फिल्म शेरशाह की शूटिंग कर रहे हैं। यह फिल्म करगिल में शहीद हुए परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा पर बन रही है। सिद्धार्थ इसमें लीड रोल में हैं और उनके ऑपोजिट फिल्म में कियारा आडवाणी दिखाई देंगी।

इस फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग चंडीगढ़ में पूरी हो चुकी है और इसके सेकंड शेड्यूल की शूटिंग उत्तराखंड में होगी। सिद्धार्थ मल्होत्रा इसके लिए उत्तराखंड के हिल स्टेशन ऑली पहुंच चुके हैं। सोशल मीडिया पर उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें वह बिल्कुल कैप्टन विक्रम बत्रा मोड में दिखाई दे रहे हैं।

बता दें कि इस फिल्म की शूटिंग चंडीगढ़ के अलावा पालमपुर, कश्मीर और लद्दाख में भी होगी। इस फिल्म के अलावा सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्म जबरिया जोड़ी में भी काम कर रहे हैं जिसमें उनके साथ परिणीति चोपड़ा लीड रोल में होंगी।

डांस दीवाने 2 में एकसाथ नजर आए माधुरी और गोविंदा

पाप का अंत, बड़े मियां छोटे मियां और इज्जतदार जैसी फिल्मों में गोविंदा और माधुरी दीक्षित की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। माधुरी जो कि आखिरी बार फिल्म कलंक में नजर आई थीं, एक बार फिर टीवी की दुनिया में लौट आई हैं। वह पॉप्युलर डांस रिऐलिटी शो डांस दीवाने 2 में जज के रोल में हैं।

रिपोर्ट्स की मानें तो गोविंदा जल्द ही माधुरी के शो में नजर आएंगे और एक एपिसोड के लिए शूट करेंगे। हाल ही में ऐक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर हीरो नं. 1 ऐक्टर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की।

इस पर कैप्शन देते हुए उन्होंने लिखा, गोविंदा। फोटो में माधुरी चोली, लहंगे और दुपट्टे में काफी गॉरजस दिख रही हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो गोविंदा और माधुरी उनकी फिल्म इज्जतदार के गाने एक रसगुल्ला कहीं फट गया रे को रीक्रिएट करते नजर आएंगे।

यही नहीं, कहा जा रहा है कि शो में 1997 में आई फिल्म दीवाना मस्ताना के एवरग्रीन डायलॉग इंटुकले पिंटुकले को भी गोविंदा बोलते दिखेंगे।

बात करें पॉप्युलर डांस शो की तो इसे माधुरी के साथ तुषार कालिया और शशांक खेतान जज कर रहे हैं जबकि इश्क मरजावां फेम ऐक्टर अर्जुन बिजलानी इसे होस्ट कर रहे हैं।